दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन

# समाचार पत्रिका

मासिक

DELHI PRINTERS ASSOCIATION ESTD : 1954

संपादक : एच. एल. खन्ना    केवल सदस्यों के लिए निःशुल्क वितरण हेतु    अंकः नवम्बर 2019

# भारत के प्रिंटर्स बंधुओं का कुंभ

## मुम्बई में प्रिंटिंग मशीनरी की अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी पॉमेक्स की तैयारी पूरी




प्रिंटिंग और उससे संबंधित मशीनरी की सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शिनी पामेक्स-2020, मुम्बई के एक्जीबिशन सेंटर में 6 से 9 जनवरी 2020 को आयोजित की जा रही है। आल इंडिया फेडिरेशन ऑफ मास्टर प्रिंटर्स (एआईएफएमपी) द्वारा आयोजित पामेक्स-2020 में 25 देशों की 400 से ज्यादा कम्पनियां अपना उत्पाद प्रदर्शित करेंगी। इस प्रदर्शिनी में प्री-प्रेस, प्रेस और पोस्ट प्रेस सेगमेंट्स के अनुसार नई-नई मशीनों का प्रदर्शन किया जाएगा। पैकेजिंग के लिए भी नई इजाद की गई मशीनें आकर्षण का केंद्र रहेंगी। सभी प्रिंटिर सदस्यों से अनुरोध है कि वह अपने व्यवसाय के आधुनिकीकरण के लिए पामेक्स-2020 प्रदर्शिनी में हिस्सा लेकर लाभ उठाएं।



DELHI PRINTERS ASSOCIATION
ESTD : 1954

President
**Mr. Mahinder Budhiraja**
9312241788

Imm. Former President
**Mr. Rajesh Sardana**
98100-31996

Vice-Presidents
**Mr. Ashok Kumar Nandra**
9250055555

**Mr. Prakash Dass**
9818724948

**Mr. Puneet Talwar**
9811081291

Hon. General Secretary
**Mr. Kewal Krishan Singhal**
9811115945

Joint-secretaries
**Mr. Prashant Aggarwal**
9971214455

**Mr. Sandeep Aggarwal**
9811040044

Treasurer
**Mr. Meghraj Bhati**
9810352633

Executive Members
Mr. Ajay Sharma
Mr. Ashish Verma
Mr. Ashok Aggarwal
Mr. Atul Goel
Mr. D.K. Vohra
Mr. Deepak Bhatia
Mr. M. N. Pandey
Mr. P.K. Chauhan
Mr. Puneet Bajaj
Mr. Raghu Nandan Sharma
Mr. Rakesh Malik
Mr. S.S. Lunkar
Mr. Sanjay Sharma
Mr. Shiv Mittal
Mr. Simranjot Singh Bhatia
Mr. Sunil Jain
Mr. Vijay Goel
Mr. Vijay Jain
Mr. Vikas Gaur
Mr. Vivek Jain

Executive Secretary
**H.L. Khanna**
9958043222

**Delhi Printers' Association**
Flat No. 26A,
Shanker Market,
New Delhi-110001
Tel. : 011-23414415
Telefax : 011-23412574
Email : delhiprinter@hotmail.com

# आवश्यक सूचनाएं

## डीपीए के सदस्यों की डायरेक्टरी के संशोधित संस्करण हेतु

## डायरेक्टरी के लिए सदस्य अपनी फर्म की अपडेट शीघ्र अतिशीघ्र भेजें




मासिक समाचार पत्रिका के पिछले जून, जुलाई, अगस्त-सितम्बर, और अक्टूबर 2019 के अंकों में हमने आवश्यक सूचना के अन्तर्गत छापा था कि दिल्ली प्रिन्टर्स एसोसिएशन अपने सदस्यों की निर्देशिका का नया संस्करण निकालने जा रही है। इस नई डारेक्टरी में सदस्यों की नवीनतम जानकारी छापने के लिए एक प्रोफार्मा सभी सदस्यों को पत्रिका के साथ मेल द्वारा एवं वाट्सएप पर कई बार भेजा चुका है किन्तु अभी भी बहुत से सदस्यों ने प्रोफार्मा भरकर नहीं भेजा है।

जिन सदस्यों ने अपनी फर्म की नवीनतम जानकारी नहीं भेजी है उन सभी से एक बार फिर अनुरोध कि प्रोफार्मा भरकर फोटो के साथ शीघ्र ही भेज दें ताकि डायरेक्टरी समय के भीतर छापी जा सके।

यदि शेष सदस्यों की ताजा जानकारी यथा शीघ्र हमें प्राप्त नहीं होती तो मजबूरन हमें उनकी पुरानी डिटेल ही छापनी पड़ेगी। अत: आपका तत्काल सह्योग वांछित है।

## दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन का WhatsApp Number

पिछले कुछ समय से सदस्यों ने देखा होगा कि डीपीए द्वारा सदस्यों को आवश्यक तथा महत्वपूर्ण जानकारी एवं सूचनाएं न केवल पत्रिका में छापकर तथा ई-मेल द्वारा भेजी जा रही हैं, अपितु **WhatsApp** के माध्यम से भी लगातार समय-समय पर भेजी जा रही हैं। अत: सदस्यों से अनुरोध हे कि वे डी.पी.ए. का **WhatsApp नम्बर 9971371109** अपने मोबाइल में सेव कर लें। यदि कोई सदस्य डीपीए को कोई सुझाव तथा सूचना देना चाहता है तो वह इसी नम्बर के द्वारा भेज सकता है।

## वर्ष 2019–2020 के वार्षिक शुल्क के लिए सदस्यों से अनुरोध

जिन सदस्यों ने अपना वर्ष 2019–2020 का वार्षिक शुल्क अभी तक नहीं भेजा है उन्हें याद दिलाया जा रहा है कि अपना शुल्क स्वयं/कोरियर/डाक द्वारा शीघ्रअतिशीघ्र भेजने की कृपा करें। कुछ सदस्य ऐसे भी हैं जिनका वार्षिक शुल्क 2018–2019 का भी नहीं आया है, उन्हें फिर याद दिलाया जाता है कि लगातार दो वर्ष तक वार्षिक शुल्क न आने पर एसोसिएशन की सदस्यता स्वयं समाप्त हो जाती है।

यदि आप वार्षिक चंदा बैंक में सीधे जमा करना चाहते हैं तो संस्था के निम्नलिखित दो बैंक खातों में से किसी में भी जमा करवा सकते हैं तथा जमा करने के बाद संस्था को सूचित कर दें। बैंक का विवरण इस प्रकार है।

Delhi Printers' Association
Saving A/c No. 90042010031370
IFSC Code-SYNB0009004
Bank Name - Syndicate Bank

Delhi Printers' Association
OD A/C No. 0022414008455
IFSC Code-HDFC0CTJCBL
Bank Name-The Janata Co-Operative Bank Ltd.

**NEW WEBSITE OF DELHI PRINTERS' ASSOCIATION**

DPA has launched its revamped website recently. Please explore the updated website. We would be grateful for any feedback about further improvement.

Explore at: www.delhiprintersassociation.org

RAKESH GUPTA
MUDIT GUPTA

Vee Aar Packers

A COMPLETE SOLUTION FOR QUALITY CORPORATE PACKAGING


315 , F.I.E. Patparganj Industrial Area, Delhi - 110092.
p: +91 11 4579 7672, 4039 1239. m: +91 981109 7672, 989999 7672

A House Of Premium Quality UV Printing, UV textures and latest packaging trends

WE MAKE A BOX CREATE IT'S PERFECT FIRST IMPRESSION
e: info@veeaarpackers.com , veeaarpackers@yahoo.co.in

Printed By: Vee Aar Packers

# अध्यक्ष की कलम से



प्रशिक्षण, जो कभी एक लक्ज़री होता था, अब एक बुनियादी आवश्यकता और कॉर्पोरेट संस्कृति का आंतरिक हिस्सा बन गया है। पहले से प्रशिक्षित एवं प्रतिभाशाली कारीगरों को नए प्रगतिशील वातावरण में ढालकर फिर से व्यवसायिक प्रशिक्षण देना बहुत जरूरी हो गया है क्योंकि कार्य स्थल का वातावरण और भर्ती के नियम तेज गति से बदल रहे हैं। रिस्किलिंग का अर्थ है कि आप बदलते कार्य परिवेश में दोबारा से प्रशिक्षित कर्मचारियों को अपनी कम्पनी में बनाए रखें। टैक्नोलॉजी में प्रगति होने से अधिक से अधिक नौकरियाँ स्वचालित हो जाएँगी, कौशल आवश्यकताओं में बदलाव होगा और उपलब्ध कुशल कारीगरों में वे सभी उस प्रकार कुशल नहीं रह जाएँगे जो उनके कार्य करने के लिए आवश्यक हैं। मौजूदा कर्मचारियों का कौशल कंपनियों की नई आवश्यकताओं के साथ मेल नहीं खाता है। इसलिए, कंपनियों को जीवित रहने तथा विस्तार करने के लिए रिस्किलिंग एक प्राथमिक आवश्यकता बन गई है। प्रतिस्पर्धी प्रतिभा कौशल बाजार में पूरी तरह से कुशल श्रमिकों को रोज़गार देने के लिए मौजूदा कर्मचारियों को नौकरी से निकालना बहुत मुश्किल है। रिस्किलिंग का एक अन्य पक्ष भी है . पूर्णतः कुशल या प्रतिभाशाली युवाओं को रोज़गार पाने के अवसर बहुत कम रह जाते हैं।

भारत सरकार ने अपस्किलिंग और प्रशिक्षण के महत्व को महसूस करते हुए पहले ही व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के लिए "स्किल इंडिया" कार्यक्रम जैसी पहल की, जिसके अंतर्गत अत्यधिक कुशल और रोजगार योग्य युवाओं का पोशण किया है जो अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में काम करने के लिए पूरी तरह कुशल श्रम शक्ति बन सकते हैं। भारतीय प्रिंटर्स को प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के स्थानीय संस्थानों के साथ संपर्क करके इस कार्यक्रम से लाभ उठाना चाहिए। दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन का स्थानीय डौन बौस्को टैक्नीकल इंस्टीटयूट में दो एक्सपर्ट प्रिंटर्स द्वारा पूर्ण प्रतिनिधित्व है जिनके द्वारा डौन बौस्को को प्रिंट तकनीक में नवीनतम पाठ्यक्रम शुरू करने में लगातार मदद मिल रही है।

–महिन्द्र बुद्धिराजा, अध्यक्ष



# महासचिव की कलम से

सदस्य जानते हैं कि डीपीए उनकी विभिन्न परेशानियों से वाकिफ़ है तथा उन्हें दूर करने के लिए सजगता से प्रयासरत है। इसी माह सात तारीख को डीपीए का एक डैलिगेशन आजकल औद्योगिक क्षेत्रों में तेज़ी से चल रहे सर्वे तथा पैनल्टी चालान जारी किये जाने से आई समस्या के समाधान के लिए ईस्ट एम.सी.डी. की स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन श्री सन्दीप कपूर से मिला था तथा मुद्रण इकाइयों पर चल रही कार्यवाही को स्थगित करवाने में सफल हुआ। इसकी रिपोर्ट इसी अंक में छापी जा रही है।

अपने 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नैस' प्लान के तहत केंद्र सरकार के आवास तथा शहरी कार्य मंत्रालय ने 18 फरवरी, 2019 को जारी अधिसूचना के अंतगर्त दिल्ली मास्टर प्लान-2021 में संशोधन करके घरेलू उद्योगों के लिए अधिकतम 5 कर्मचारियों और 5 किलोवाट पावर से बढ़ा कर 9 कर्मचारी और 11 किलोवाट पावर कर दिया था। इस संशोधन से घरेलू उद्योगों को कुछ राहत मिली थी किन्तु आवश्यक अनुमतियाँ लेने में कठिनाई होती थी। घरेलू उद्योगों की इन परेशानियों को समझकर डी.डी.ए. ने एक बार फिर से मास्टर प्लान-2021 में संशोधन कर बड़ी राहत दी है। एलजी श्री अनिल बैजल की अध्यक्षता में 14 नवम्बर 2019 को हुई डी.डी.ए. की बोर्ड मीटिंग में इस संशोधन को पास करके ऐसी घरेलू इंडस्ट्री, जिसमें 9 श्रमिक काम करते हों और 11 किलोवाट का मीटर हो, को अब लेबर डिपार्टमेंट, इंडस्ट्री डिपार्टमेंट और डीपीसीसी से कोई क्लियरेंस लेने की आवश्यकता नहीं होगी। मगर यह राहत केवल प्रदूषण ना फैलाने वाले उद्योगों को ही मिलेगी। इस राहत से 112 कैटेगरी के हज़ारों घरेलू उद्योगों को लाभ मिलेगा तथा रोज़गार को बढ़ावा मिलेगा।

डीपीए शीघ्र ही सम्बंधित डिपार्टमेंट को एक लिखित ज्ञापन देकर प्रार्थना करेगा कि घरेलू उद्योगों को चलाने के लिए लगाई गई 50 प्रतिशत रिहायशी एरिया तथा शेष 50 प्रतिशत में उद्योग चला सकने की शर्त में ढील दे तथा नये संशोधित मानदंडों के अनुसार घरेलू उद्योग चलाने के लिए जल्द ही नोटिफिकेशन जारी करे। सदस्यों से अपील की जाती है घरेलू उद्योग चलाने के लिए आवश्यक लाइसेंस प्राप्त कर लें ताकि चालान अथवा सीलिंग आदि के भय से बचा जा सके।

–केवल कृष्ण सिंघल, महासचिव



KUMAR Graphics

+91-9891798919
+91-9555088895

SALE-PURCHASE : ALL TYPES OF OFFSET PRINTING & ALLIED MACHINES

SPARE PARTS ★ RECONDITIONING ★ REPAIRING

W/Off: Plot No. 244, Nangli Sakrawati, Near Shri Ram Mandir, Najafgarh, New Delhi-110 043 (INDIA)
E-mail : kumargraphics1@gmail.com

HEIDELBERG KOMORI KBA MAN ROLAND ADAST SOLNA
MITSUBISHI POLAR PERFECTA stahl MÜLLER MARTINI HAMADA RYOBI

www.kumargraphics.com

# आरबीआई ने क्यों बंद की 2000 रुपये के नोटों की छपाई?




नोटबंदी के बाद शुरू किए गए 2,000 के नोट की अब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने छपाई बंद कर दी है। राइट–टू–इन्फर्मेशन ऐक्ट के तहत पूछे गए सवाल के जवाब में रिजर्व बैंक ने बताया कि इस वित्त वर्ष में 2,000 रुपये का एक भी नोट नहीं छापा गया। RBI ने इसकी कोई वजह नहीं बताई है, लेकिन जानकारों का कहना है कि इस अधिक वैल्यू वाले नोट को बंद करने के पीछे ब्लैक मनी, भ्रष्टाचार और जाली करंसी बड़े कारण हैं।

सरकार के 2016 में 500 और 1,000 रुपये के पुराने नोटों पर रोक लगाने के फैसले के बाद RBI ने पहले 2,000 रुपये के नोट बैंकिंग सिस्टम पहुंचाए थे। इसके बाद 500 रुपये के नए नोट लाए गए थे। सरकार की ओर से 2,000 रुपये के नोट को बंद करने का फैसला करने की रिपोर्ट पहले भी आई थी, लेकिन केंद्र और RBI ने तब इससे इनकार किया था। फाइनैंस मिनिस्ट्री में डिपार्टमेंट ऑफ इकनॉमिक अफेयर्स के तत्कालीन सेक्रटरी सुभाष चंद्र गर्ग ने इस वर्ष की शुरुआत में ट्वीट किया था, 'नोटों की छपाई की योजना अनुमानित जरूरत के अनुसार बनाई गई है। हमारे पास सिस्टम में 2,000 रुपये के पर्याप्त नोट हैं। सर्कुलेशन में वैल्यू के लिहाज से 35 पर्सेंट से अधिक नोट 2,000 रुपये के हैं। 2,000 रुपये के नोट की छपाई को लेकर हाल ही में कोई फैसला नहीं हुआ है।'

### क्या है परेशानी?

अधिक वैल्यू वाले नोटों से ब्लैक मनी बढ़ जाती है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। ब्लैक मनी रखने वाले अधिक वैल्यू के नोटों को अपने पास जमा कर लेते हैं। इसके साथ ही जाली करंसी की समस्या से निपटने के लिए भी यह कदम उठाया गया है। नैशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) ने हाल ही में बताया था कि पाकिस्तान से 2,000 रुपये के जाली नोट बड़ी संख्या में भारतीय मार्केट में पहुंचाए जा रहे हैं। इन नोटों की पहचान करना भी आसान नहीं है। इंटेलिजेंस ब्यूरो और फाइनैंशल इंटेलिजेंस यूनिट ने भी सरकार को गैर कानूनी गतिविधियों के लिए 2,000 रुपये के नोटों को जमा किए जाने का चलन बढ़ने की रिपोर्ट दी थी।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के बहुत से छापों में जब्त किए गए नोटों में से अधिकतर 2,000 रुपये के हैं। इससे संकेत मिलता है कि टैक्स की चोरी और वित्तीय अपराधों में शामिल लोग इन नोटों को अधिक पसंद करते हैं। नोटबंदी के बाद 2,000 के नोट को शुरू करने की विपक्षी दलों ने निंदा की थी। उनका कहना था कि इससे लोगों के लिए ब्लैक मनी रखना आसान हो जाएगा। उस समय कोटक महिंद्रा बैंक के प्रमोटर उदय कोटक ने भी 1,000 रुपये के नोट की जगह 2,000 रुपये का नोट लाने के सरकार के कदम पर सवाल उठाया था।

### क्या होगा असर?

2,000 रुपये के नोटों की छपाई बंद करने से कुछ हद तक ब्लैक मनी की समस्या से निपटने में मदद मिलेगी। इससे ब्लैक मनी रखने वालों के लिए करंसी जमा करना मुश्किल हो जाएगा। सरकार के लिए एक बड़ी समस्या जाली करंसी की है और 2,000 का नोट बंद होने से जाली करंसी का व्यापार करने वालों के लिए मुश्किल बढ़ जाएगी क्योंकि कम वैल्यू के जाली नोट बनाना और उन्हें चलाने में फायदा कम और पकड़े जाने का खतरा अधिक होता है। सरकार का जोर देश में डिजिटल ट्रांजैक्शंस बढ़ाने पर है। हालांकि, इसमें अभी तक बहुत अधिक सफलता नहीं मिली है। बड़ी वैल्यू के नोट उपलब्ध नहीं होने से लोग भुगतान के लिए डिजिटल माध्यम का उपयोग बढ़ा सकते हैं।

–नवभारत टाइस

### स्मृति शेष

दि अंजता प्रेस के प्रोपराइटर श्री के आर कलानी के दुखद निधन पर एसोसिएशन अपनी संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### स्मृति शेष

डी.एच. इंजीनियरिंग वर्क्स के श्री हरविंदर सिंह कलसी के बड़े भाई के दुखद निधन पर एसोसिएशन अपनी संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### स्मृति शेष

तरुण प्रिंटर्स के प्रोपराइटर श्री अमृत लाल के दुखद निधन पर एसोसिएशन अपनी संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।


M.K.TRADING COMPANY



Deals in :
All Kinds of Offset Printing Material
& Book Binding Material

Authorised Distributor
SAKATA INX INDIA PVT. LTD.
TOYO INK INDIA PVT. LTD.

C-4/15, Ground Floor, Krishna Nagar, Delhi-51
Ph.: 011-22093611, M.: 9873362611
Email : mktradngco@gmail.com

# जीएसटी को लेकर 3 महीने के अंदर अपील की टेंशन खत्म जीएसटी ट्रिब्यूनल के गठन के बाद ही शुरू होगी समय सीमा




जीएसटी को लेकर बढ़ते विवादों के बीच केंद्र सरकार ने उन लाखों कारोबारियों के राहत दी है, जो जीएसटी ट्रिब्यूनल का गठन नहीं होने के चलते अपने खिलाफ जारी आदेशों को चुनौती नहीं दे पा रहे थे। फिलहाल आदेश जारी होने के तीन महीने के भीतर ही ट्रिब्यूनल में चुनौती दी जा सकती है, लेकिन अब साफ किया गया है कि इस तीन महीने की गिनती जीएसटी ट्रिब्यूनल का गठन होने और उसके अध्यक्ष के पदभार ग्रहण करने के बाद शुरू होगी।

सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम (सीबीआईसी) ने रिमूवल ऑफ डिफिकल्टीज ऑर्डर जारी करते हुए कहा है कि जीएसटी एक्ट के सेक्शन 112 के तहत ऑब्जेक्शन हियरिंग अर्थोरिटीज की ओर से जारी आदेशों के खिलाफ अपील के लिए निर्धारित तीन महीने की समय सीमा टैक्सपेयर को आदेश की सूचना मिलने या केंद्रीय या राज्य जीएसटी ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष के पद्भार संभालने में से जो बाद में होगा, उस दिन से शुरू होगी। फिलहाल कानूनी विवादों के चलते जीएसटी ट्रिब्यूनल का गठन नहीं हो पा रहा है और इसमें देरी भी हो सकती है।

ऐसे में माना जा रहा है कि अब तक जारी आदेशों पर अपील का अधिकार तब तक बना रहेगा, जब तक ये ट्रिब्यूनल वजूद में नहीं आ जाते। सीबीआईसी ने यह भी कहा है कि सेक्शन 112 (3) के तहत कमिश्नर को यह अधिकार है कि यह अपने अधीन जारी किसी भी अधिकार की समीक्षा कर सकता है और जरूरी समझे तो छह महीने के भीतर अपने कनिष्ठ अधिकार में माध्यम से ट्रिब्यूनल में उसे चुनौती दे सकता है। नए प्रावधान के तहत इस छह महीने की गिनती भी तब ट्रिब्यूनल के शुरू होने के बाद ही होगी। वैट और जीएसटी प्रैक्टिशनर राज जैन ने बताया कि ट्रिब्यूनल टैक्स विवादों के निपटारे की साथ अहम और बीच की कड़ी होता है। एडजुकेटिंग ऑफिसर की ओर से जारी आदेश को फर्स्ट अपीलेट अर्थोरिटी में चुनौती दी जाती है और फर्स्ट अपीलेट अथॉरिटी या ऑब्जेक्शन हियारिंग अथॉरिटी के आदेशों के खिलाफ अपील ले ट्रिब्यूनल में अपील की जा सकती है। ट्रिब्यूनल के बाद मामले होई कोर्ट उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में जाते हैं।

## Forthcoming Printing Exhibitions

CALENDAR OF EVENTS

**New Delhi World Book Fair**
*Theme: "Gandhi, The Writers' Writer"*
4-12 January
New Delhi, India
Contact:
National Book Trust
5, Institutional Area, Vasant Kunj, Phase - II, New Delhi-110070
Tel: +91 (11) 26707778
Email: nbtindia@ndb.vsnl.net.in
Website:
www.newdelhiworldbookfair.gov.in

**Hong Kong International Stationery Fair 2020**
*Trade fair for Stationery, Office Supplies and Educational Systems*
6-9 January
Hong Kong
Contact:
Messe Frankfurt (HK) Ltd.
35/F China Resource Building, 26, Harbour Road, Wanchai, Hong Kong
Tel.: +852 2238 9951
Fax: +852 2598 7887
Email:stationery@hongkong.messefrankfurt.com
Website:www.hkstationeryfair.com

Showcasing products like Label, Narrow web Printing & Presses, Paper & Board converting and corrugated machinery & Equipment, Flexo & Gravure printing & Much more 6-9 January, 2020
Bombay Exbn. Centre, Goregaon, Mumbai
Print-Packaging.com Pvt. Ltd.
F-101, Tower No.7, First Floor, International Infotech Park, Vashi, Mumbai
Tel: +91 22 27812093
Email: info@print-packaging.com

Media Expo Mumbai
Bringing together the best in indoor/outdoor advertising solutions, printing technology branded merchandising and the sinage.
20-22 February, 2020
Bombay Exhibition Centre (BEC), Goregaon, Mumbai, India
Messe Frankfurt Trade Fairs India Pvt. Ltd., Mumbai, India
Gala Impecca, 5th Floor, Chakala, Andheri (E), Andheri Kurla Road, Mumbai-400093, India
Tel.: +91 22 6144 5900
Email:info@india.messefrankfurt.com

PRINT TECH INDIA
8/1A/4, Site 4, Sahibabad, Ghaziabad (U.P.)
Google Maps Location : https://goo.gl/maps/3pcYD2Lmmpx
M.: 9899572510, 9555884221
printtechindia@hotmail.com, www.bharatprintingagency.com

Bharat Printing Agency
Authorised Dealer :
HUBERGROUP INDIA PVT LTD TECHNOVA IMAGING SYSTEM PVT LTD
MACHINERY SPARE PARTS MATCHING CENTER HOT MELT GLUE
1449/73, Durga Puri Main, 100 Feet Road, Shahdara, Delhi-110093 (INDIA) Ph.: 011-22131169
E-mail : sharmamanoj70@gmail.com

VLF CTCP SIZE : 56x76
MODERN PROCESS STUDIO
8/1A/4, Site 4, Sahibabad, Ghaziabad (U.P.)
E-mail : onlinectcp@gmail.com Ph.: 0120-4272183
VLF CTCP SIZE : 56x76

# क्या रोजाना दूध पीना चाहिए? दूध पीने का सबसे अच्छा समय क्या है? एक्सपर्ट्स के सुझाव

आपकी मां ने भी आपको रोजाना दूध पीने की सलाह दी होगी. आप भी दूध पीने के कई फायदों के बारे में जानते होंगे. दूध पीने से हड्डियां मजबूत होती हैं दांतों के लिए फायदेमंद होता है. बच्चों को हेल्दी रखने हड्डियों और दातों के विकास के लिए दूध पीने की जरूरत होती है.

बच्चों को हेल्दी रखने हड्डियों और दांतों विकास के लिए दूध पीने की जरूरत होती है. ज्यादातर लोग नाश्ते में या बिस्तर में जाने से पहले दूध पीते हैं. लेकिन क्या रोजाना दूध पीना जरूरी होता है? दूध पीने का सबसे अच्छा समय क्या होता है? दूध पीने के बारे में विशेषज्ञों द्वारा कुछ फैक्ट्स दिए गए हं और बताया गया है कि दूध पीने का सबसे अच्छा समय क्या है.

पेडियाट्रिक्स और नियोनेटोलॉजी की कंसल्टेंट रमानी रंजन बताती हैं कि, दूध हड्डियों के लिए अच्छा है क्योंकि यह कैल्शियम का एक समृद्ध स्रोत है, स्वस्थ हड्डियों और दांतों के लिए भी यह जरूरी होता है। एक गिलास दूध पीने से भी ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को दूर किया जा सकता है. दूध में दूसरे कई जरूरी विटामिन और खनिजों होते हैं. कई एथलीट अपने वर्कआउट के बाद दूध पीते हैं क्योंकि इससे शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिल जाते हैं. इसके अलावा, दूध मांसपेशियों की खराबी को रोकने में मदद करता है और उन तरल पदार्थों की भरपाई करता है जो शारीरिक गतिविधि के दौरान खो जाते हैं. रोजाना दूध पीना सेहतमंद है. हालांकि, जिन लोगों को लैक्टोज या गाय के दूध से एलर्जी है, उनमें इसके कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं. इसलिए यह सिफारिश की जाती है कि दूध को शरीर के हिसाब से पीना चाहिए. दूध पीने का कोई विशेष समय नहीं होता है. हर सुबह एक गिलास दूध पीने से हाइड्रेशन को बनाए रखने में मदद मिलती है.

डॉ. मनीष मन्नान बताते हैं कि, रोजाना दूध पीना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है. खासकर बच्चों के लिए दूध लाभदायक होता है. कैल्शियम के एक प्रमुख स्रोत के अलावा, दूध शरीर के विकास में भी फायदेमंद होता है. दक्षिण अमेरिका, न्यूजीलैंड और जापान में किए गए कई अध्ययनों में यह पाया गया है कि दूध का सेवन करने वाले बच्चों में दूध का सेवन न करने वाले बच्चों की तुलना में कद की ऊंचाई बेहतर होती है. इसका कारण अच्छी तरह से समझ में नहीं आता है, लेकिन यह सोचा जाता है कि शायद दूध में ट्रिप्टोफेन की अधिक मात्रा के कारण बच्चों के कद में वृद्धि को बढ़ावा मिलता है. दिन में दो बार, सुबह और सोते समय बच्चों को दूध का सेवन करना चाहिए."

डॉ. सुदीप चौधरी बच्चों के लिए सही पोषण के लिए बहुत अधिक दूध की खपत या दूध पर निर्भरता का सुझाव नहीं देते हैं. वे बताते हैं, अगर बच्चा एक साल से कम उम्र का है, तो वह रोजाना दूध पीता है, लेकिन एक साल के बाद हर दिन उसे दूध पिलाना ज्यादा उपयोगी नहीं होता है क्योंकि दूध में पोषक तत्वों की अच्छी मात्रा नहीं होती है. दूध में बहुत अधिक कैलोरी होती है इसलिए यह बच्चे को भरा हुआ महसूस कराता है और साथ ही यह पर्याप्त मात्रा में पोषण नहीं देता है जो पर्याप्त होना चाहिए, इसलिए शरीर में पोषण की कमी हो जाती है. दिन में एक गिलास दूध पीना चाहिए. दूध पीने का सबसे अच्छा समय बिस्तर पर जाने से पहले शाम को होता है. एक बार बच्चे के खाने के कारण उसका पूरा पोषण हो जाता है और फिर बिस्तर से ठीक पहले बच्चे एक आदत के रूप में दूध पी सकते हैं. बच्चों को नाश्ते में दूध देने का बड़ा नुकसान यह है कि इससे उनकी भूख कम हो जाती है और इस तरह उन्हें भोजन से पूर्ण पोषण नहीं मिल पाता है." इसका यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि दूध का नियमित सेवन किया जा सकता है लेकिन शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व मिल पाएं इसके लिए आपको अन्य आहारों को लेना होगा. दूध को दूसरे आहारों के साथ लेना फायदेमंद होता है.

—एनडीटीवी

## Delegation of DPA Met the Chairman Standing Committee of East MCD Mr. Sandeep Kapur



A delegation of Delhi Printers' Association, led by Hon. General Secretary Mr. Kewal Krishan Singhal, met the Chairman Standing Committee of East MCD Mr. Sandeep Kapur on November 7, 2019 and submitted a memorandum to seek his urgent intervention for the problems being faced by DPA members as a result of the ongoing surveys and issuance of challans for carrying out industrial activity in the basement area. The delegates appealed to the Chairman to take concrete steps to safeguard the business of DPA members on top priority. Mr. Kapur gave a patient hearing to the delegation and assured early relief to affected printers.

KALRA HAPPY PAPERS
Deals in: All Kinds of Paper & Board, Imported, Indian & SBS Board
Regd. Office: 9A, R-Block, G T Road, Dilshad Garden, Delhi-110 095
Branch Office: K-92, 1st Floor, Sector-5, DSIIDC Indl. Area, Bawana, Delhi-110 039
Contact: 9811229178, 9811599178, 011-40045535 • E-mail: kalrahappypapers@gmail.com

YNK PAPERS
145, Pocket-C, IFC Ghazipur Paper Market, Delhi-110 096
Contact : 9811619178, 9899831314 • E-mail: info@ynkpapers.com

# विविध समाचार

## फेक न्यूज के दौर में प्रिंट मीडिया की अधिक बढ़ेगी साख और ऐड ग्रोथ

लोकसभा और विधानसभा चुनावों से मिलने वाले बिजनेस के साथ ही अधिक साख के कारण 2019 में प्रिंट मीडिया की ग्रोथ में बढ़ोतरी हो सकती है। मीडिया एजेंसी ग्रुप IPG मीडियाब्रैंड्स की डिविजन मैग्ना ग्लोबल की रिपोर्ट के अनुसार, 2018 में प्रिंट मीडिया का एडवर्टाइजिंग से रेवेन्यू 5.6 पर्सेंट बढ़कर 22,121.8 करोड़ रुपये रहा था और 2019 में यह 22,424.3 करोड़ रुपये पर पहुंच सकता है।

IPG मीडियाब्रैंड्स के सीईओ शशि सिन्हा ने कहा, 'दुनिया में भारत अकेला ऐसा मार्केट है जिसमें प्रिंट मीडिया सर्कुलेशन, रीडरशिप दोनों में ग्रोथ हासिल कर रहा है। इसकी ग्रोथ का एक कारण भाषा भी है। देश में क्षेत्रीय भाषाओं के समाचार पत्रों की संख्या में वृद्धि हुई है।'


BCCL के प्रेसिडेंट (रेवेन्यू), 'प्रिंट का असर कहीं अधिक है, क्योंकि इसमें विज्ञापनों को बेहतर तरीके से पेश किया जा सकता है। इसके साथ ही जुड़ाव और पाठकों की क्वॉलिटी भी इसे प्रभाव डालने और बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की ताकत देती है।'

### क्या कहती है रिपोर्ट

रिपोर्ट में बताया गया है कि चुनावों के कारण राजनीतिक प्रचार और सरकारी खर्च में प्रिंट मीडिया की एक बड़ी हिस्सेदारी होगी। रियल एस्टेट और एजुकेशन की ऐडवर्टाइजिंग अपने पीक लेवल पर पहुंचने के कारण प्रिंट मीडिया को 2019 में 6.2 पर्सेंट की ग्रोथ हासिल करने में मदद मिलेगी। बेनेट कोलमैन एंड कंपनी (BCCL) के प्रेसिडेंट (रेवेन्यू), शिवकुमार सुंदरम ने कहा कि प्रकाशकों को अपने प्रॉडक्ट पर विश्वास रखने की जरूरत है। सुंदरम के अनुसार, 'साख और विश्वास को लेकर कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। ये प्रिंट मीडिया की बड़ी ताकतें हैं।' रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी तरह के मीडिया की सेल्स ग्रोथ 15.4 पर्सेंट बढ़कर 79,314.8 करोड़ रुपये रह सकती है। चुनावों के साथ ही क्रिकेट वर्ल्ड कप से भी ऐडवर्टाइजिंग से रेवेन्यू बढ़ेगा।

ग्रोथ का अनुमान, टीवी– 14.2 पर्सेंट, डिजिटल–32.8 पर्सेंट, रेडियो–12 पर्सेंट, सिनेमा– 15 पर्सेंट आंका गया है।

## जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं





Mr. O. P. Dewan, Former President of DPA and owner of Dewan Offset Printers on November 1, 2019.




Mr. Rajiv Gupta, Former President of DPA and owner of Press of India on November 5, 2019




Mr. Sandeep Aggarwal, Joint-Secretary of DPA and owner of Vishnu Offset Printers on November 7, 2019.




Mr. Mahinder Budhiraja, President of DPA and owner of EmKay Printers on November 16, 2019




Mr. Bhawnesh Thukral, Former President of DPA and owner of Swatantar Art Press on November 18, 2019





Mr. Rakesh Malik, EC Member of DPA and owner of R. K. Printers on November 22, 2019





Mr. Badri Kumar Singh, Former President of DPA and owner Kumar Press on November 25, 2019.




Mr. P. K. Chauhan, EC Member of DPA and owner of Print Ways on November 30, 2019.





Mr. Arun Bansal, Former President of DPA and owner of Modern Printers on November 2, 2019





Mr. Bhawnesh Thukral, Former President of DPA and owner of Swatantar Art Press on November 3, 2019




Mr. Badri Kumar Singh, Former President of DPA and owner Kumar Press on November 19, 2019.




Mr. Sanjay Sharma, EC Member of DPA and owner of Balaji Offset on November 25, 2019




Mr. Vijay Mohan, Former President of DPA and owner of Shalimar Offset Press on November 27, 2019

JR INTERNATIONAL
IMPORTERS, INDENTORS & STOCKIST
BOOK BINDING MATERIAL | GREY BOARD
PAPER & BOARD | JELLY GLUE | CORNER TAPE
Call us : +91 9810090933 | Email : jr.international09@gmail.com



Pre-Register NOW @
www.mediaexpo-mumbai.com
mediaexpo
MUMBAI
20-22 February 2020
Bombay Exhibition Center, Mumbai
Witness the showcase of trend setting products across diversified segments in the indoor & outdoor advertising industry at the most trusted platform for your business development & sourcing needs.
Signage
3D Printing
Outdoor advertising
Inks
Sign substrates
Printing Equipment
Show Highlight
The MEA
MEDIA EXPO EXCELLENCE AWARDS
www.mediaexpo-awards.com
For assistance, contact:
+91 22 6144 5962
messe frankfurt